भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने दमन तथा दीव हवाईअड्डे का प्रचालन, विकास तथा अनुरक्षण करने हेतु दमन एवं दीव संघशासित प्रशासन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ।

नई दिलली, 21 मार्च, 2017 : भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने दीव प्रशासन से दीव हवाईअड्डे के प्रचालन, विकास तथा अनुरक्षण का कार्यभार संभाला है । भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण तथा दमन तथा दीव के संघ शासित प्रशासन के बीच 20-3-2017 को उत्तरदायित्वों का निदर्शन करते हुए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को 10 मार्च, 2017 को हवाईअड्डा प्रचालन सौंपा गया । इस परिवर्तन से भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण दीव हवाईअड्डे पर आवश्यक सुविधाएं, अवसंरचना तथा इसके अलावा, दीव हवाईअड्डे पर अवसंरचना के उन्नयन के उद्देश्य से भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण का योजना विभाग हवाईअड्डे के नए डिजाइन को शीघ्र ही विकसित करेगा वर्तमान में एयर इण्डिया दीव प्रशासन द्वारा प्रदान की जाने वाली व्यवहार्यता गैप फंडिग पर सप्ताह में 4 बार विमान प्रचालन निर्धारित करती है । दीव हवाईअड्डे का प्रचालन, विकास तथा रखरखाव अब भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के नेतृव में किया जाएगा ।

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें
म.प्र. (जनसंपर्क) 011-24622787,9811521881,
सं. 79/2016-17

दीव हवाईअड्डे के प्रचालन विकास तथा रखरखाव हेतु डॉ. गुरूप्रसाद महापात्र, अध्यक्ष, भा वि प्रा (बीच में) की उपस्थिति में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण तथा दमन तथा दीव के संघ शासित प्रशासन के परिष्ठ अधिकारी ने समझौता ज्ञापन का आदान प्रदान करते हुए ।